

केएल ने किया झूलन का सामना

इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें केएल राहुल भारतीय महिला टीम की दिग्गज झूलन गोस्वामी के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं। नेट प्रैक्टिस का यह वीडियो सामने आया है जिसनें झूलन की गेंदबाजी का राहुल सामना करते नजर आ रहे हैं। केएल इस वीडियो में पूरी तरह से फिट नजर आ रहे हैं। झूलन भी अपनी पूरी रफ्तार से यहां गेंदबाजी करती दिख रही हैं।

## केएल नेट्स में इस दिग्गज की गेंदबाजी का कर रहे सामना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के इंग्लैंड के बाद अब वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उतरना है। वनडे और टी20 दोनों ही सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम इंडिया के ओपनर केएल राहुल की टी20 टीम में चोट के बाद वापसी हुई है। सीरीज में खेलने को लेकर उनकी फिटनेस हासिल करने के बाद ही फैसला लिया जाना है। चयनकर्ताओं को मिली फिटनेस रिपोर्ट के मुताबिक राहुल मैच में उतर सकते हैं। सीरीज से पहले उनके नेट प्रैक्टिस का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद घर पर खेलने उतरी भारतीय टीम के वनडे की कमान साउथ अफ्रीका के खिलाफ केएल राहुल को दी गई थी। दुर्भाग्य से इस सीरीज के शुरू होने से एक दिन पहले ही वह चोटिल हो गए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड का दौरा भी इसकी वजह से मिस किया और जर्मनी में अपना इलाज कराया। अब वह पूरी तरह से फिट हैं और बेंगलोर के नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैब से गुजर रहे हैं। उनका नेट प्रैक्टिस में इस तरह से शॉट खेलना टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़ और टीम मैनजमेंट के लिए बड़ी खुशखबरी है।

# 20 मिनट के ज्ञान से लौटा दूंगा विराट की फॉर्म

## कोहली को मैदान पर संघर्ष करते देख हर कोई हैरान

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय इतिहास के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक सुनील गावस्कर का कहना है कि वह सिर्फ 20 मिनट नेट पर बिताने के बाद विराट कोहली की फॉर्म में वापसी करा सकते हैं। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली 2019 के बाद से शतक नहीं बना पाए हैं। हाल फिलहाल में उनके बल्ले से रन भी निकलने बंद हो गए हैं। कभी रनों का अंबार लगाने वाले बल्लेबाज को इस तरह से मैदान पर संघर्ष करते देख हर कोई हैरान है।

दूसरी ओर, आलोचक हमलावर हैं और 1983 वर्ल्ड कप विनिंग टीम के कप्तान कपिल देव ने तो यहां तक कहा दिया कि अगर रन नहीं बन रहे हैं तो विराट कोहली को टीम से बाहर कर देना चाहिए। हालांकि, कप्तान रोहित शर्मा पूरी तरह अपने साथी का समर्थन कर



रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में खराब प्रदर्शन के बाद विराट ने 2022 के इंग्लैंड के भारत दौरे पर भी बुरी तरह विफल रहे।

उन्होंने एक टेस्ट, 2 टी20 और 2 ODI में बल्लेबाजी करते हुए 6 पारियों में 11,20,1,11,16 और 17 के स्कोर दर्ज किए। इस बीच दिग्गज गावस्कर ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें कोहली के लिए कुछ इनपुट मिले हैं, जो आधुनिक क्रिकेटर के रन मशीन को एक बार फिर पटरी पर लौटने में मदद करेंगे।

उन्होंने कहा, अगर मेरे पास उनके साथ लगभग 20 मिनट दिया जाए तो मैं उन्हें वह बातें बता पाता जो उन्हें फॉर्म में वापसी करा सकती हैं। मैं उनकी ऑफ स्टंप से बाहर निकलती गेंदों पर आउट होने की समस्या को पूरी तरह खत्म कर सकता हूं।

उन्होंने आगे कहा– एक सलामी बल्लेबाज होने के नाते उस लाइन से परेशान होने के कारण कुछ चीजें हैं जो आप कोशिश करते हैं। अगर मुझे उनके साथ 20 मिनट मिले तो मैं उन्हें बता सकूंगा।

फॉर्म अच्छी नहीं होती है तो हर बल्लेबाज इस लाइन पर गिरने वाली गेंदों पर रन बनाना चाहता है। समस्या यहीं से शुरू होती है। साथ ही उन्होंने विराट कोहली की फॉर्म को लेकर कहा– मुझे लगता है कि हमें बस इंतजार करना होगा और देखना होगा कि वह कब फॉर्म में वापसी करते हैं। भारत के लिए उनका रिकॉर्ड देखें, 70 अंतरराष्ट्रीय शतक। मेरा मतलब है कि उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों में सभी परिस्थितियों में रन बनाए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने हरीश साल्वे को वर्चुअली उपस्थित होने की दी अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, बीसीसीआइ के संविधान में संशोधन के मुद्दे पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इसको लेकर खबर आ रही है कि सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे को सुनवाई के दौरान वर्चुअली उपस्थित होने की अनुमति दे दी है। बीसीसीआइ के इस कूलिंग आफ के प्रावधान को स्वीकृति मिलती है या नहीं अब यह कोर्ट तय करेगा। इस फैसले पर ही निर्भर करेगा कि बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह अपने पद पर बने रहेंगे या उन्हें जाना होगा।

दरअसल एक वकील द्वारा बेंच से बुधवार को होने वाले इस

> बिना अनुमति के इस संविधान में सुधार नहीं किया जा सकता

सुनवाई को फिजिकल मोड में करने की अपील की गई थी जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने साल्वे को वर्चुअल तरीके से उपस्थित होने की अनुमति दे दी है। वकील द्वारा इस बात की जानकारी देते हुए कहा गया कि कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता साल्वे को वर्चुअल तरीके से उपस्थित होने की अनुमति दे दी है।

मालूम हो कि बीसीसीआइ ने 2019 में अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना ही संविधान संशोधन किया था और इसे लागू कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस पटवालिया वे कहा था कि उन्होंने इसके लिए 2 साल पहले ही आवेदन कर दिया था लेकिन कोविड के कारण इसकी सुनवाई नहीं हो सकी थी। पटवालिया ने कहा था कि कोर्ट के आदेशानुसार बिना अनुमति के इस संविधान में सुधार नहीं किया जा सकता है।

इससे पहले जस्टिस आरएम लोढ़ा के नेतृत्व वाली समिति ने बीसीसीआई में सुधार की सिफारिश की थी जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार कर लिया था। सिफारिशों के अनुसार, राज्य क्रिकेट संघ या बीसीसीआई स्तर पर एक पद समाप्त होने के बाद छह साल के कार्यकाल के बाद बीसीसीआई के पदाधिकारियों के लिए तीन साल की कूलिंग आफ अवधि होनी चाहिए।

## 28 जुलाई से शुरू होगा कॉमनवेल्थ गेम्स का रोमांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत 500 से अधिक मेडल जीत चुका है और इस बार जब उसके एथलीट बर्मिंघम में उतरेंगे तो मेडल की संचुरी पूरी करने पर निगाहें होंगी। गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधु से लेकर पहलवान बजरंग पुनिया से मेडल की उम्मीदें हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरुआत करीब 88 साल पहले हुई थी। 1930 में पहली बार ये खेल कनाडा के हैमिल्टन शहर में आयोजित किए गए थे। हर 4 साल के अंतराल पर आयोजित होने वाले इन खेलों के टाइटल की बात करें, तो 1930 से लेकर अब तक इन खेलों के नाम में 4 बार बदलाव किया गया है। शुरुआत में इन खेलों को ब्रिटिश एंपायर खेल्स के नाम से पहचान मिली थी और 1930 से 1950 तक इसी नाम से इन खेलों का आयोजन होता रहा। इसके बाद इन खेलों का नाम बदलकर ब्रिटिश एंपायर एवं कॉमनवेल्थ खेल्स किया गया। ब्रिटिश एंपायर एवं कॉमनवेल्थ नाम से ये खेल 12 साल (1954 से 1966) तक आयोजित होते रहे।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने पंत को लेकर दी प्रतिक्रिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में रिषभ पंत की 125 रनों की शानदार पारी की प्रशंसा पूरे क्रिकेट जगत ने की थी। उनकी यह पारी इसलिए खास थी क्योंकि यह पारी दबाव के वक्त आई जब 72 रन के स्कोर पर टीम इंडिया अपने टाप के चार बल्लेबाजों को गंवा चुकी थी। 24 साल के पंत ने इस मैच में 113 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली जो उनके वनडे करियर का पहला शतक था। उनकी इस पारी के दम पर टीम इंडिया न केवल मैच जीतने में सफल रही बल्कि 3 मैचों की वनडे सीरीज को 2–1 से अपने नाम किया। पंत को अक्सर वनडे क्रिकेट में गैर–जिम्मेदाराना शाट खेलकर आउट होते देखे गया है यही वजह है कि वह अपनी टेस्ट मैचों की सफलता को व्हाइट गेंद क्रिकेट में रिफ्लेक्ट नहीं कर पाते हैं। पंत की इस पारी पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर राशिद लतीफ ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### टी20 विश्व कप में विराट कोहली गेम चेंजर साबित हो सकते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इन दिनों खराब फार्म से जूझ रहे हैं। उनका इंग्लैंड का दौरा भी इतना अच्छा नहीं गया। वह टेस्ट, टी20 और वनडे तीनों ही फार्मेट में रन बनाने में नाकाम रहे। लगातार फार्म हासिल करने में जूझ रहे कोहली के आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप टीम में चुने जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं। 1983 विश्व कप को जीतने वाली भारतीय टीम के चैंपियन विकेटकीपर सैयद किरमानी ने विराट के टी20 विश्व कप चयन पर दैनिक जागरण डिजिटल के खेल प्रभारी विप्लव कुमार से खास बात की। किरमानी ने कहा, विराट कोहली एक रोल मॉडल हैं, हर लिहाज से देखिए तो वो रोल मॉडल हैं, इतने ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी हैं। उनको टी20 के लिए चुनी जाने वाली टीम में होना ही चाहिए। बिल्कुल रहना चाहिए, पता नहीं किस दिन अच्छे फार्म में आ जाए और गेम चेंजर बन जाएं। अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में होना चाहिए जिससे की जो युवा खिलाड़ी हैं वो उनको देखते हुए सीखें।

### पंत का युवराज को जवाब, पहले शतक के बाद युवी ने किया था ट्वीट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मैनचेस्टर में खेले गए आखिरी वनडे मैच में भारत की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने वनडे करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए अपना पहला शतक लगाया था। उन्होंने 113 गेंदों पर 16 चौके और 2 छक्कों की मदद से 125 रन की पारी खेलकर भारत को मुश्किल परिस्थिति में 3 मैचों की सीरीज में जीत दिलाई थी। इस मैच में पंत की बात करें तो उन्होंने पहले हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर 133 रनों की मैच जिताऊ साझेदारी की और फिर जब पांड्या 71 रन बनाकर आउट हुए तो खुद मोर्चा संभाला और 8 ओवर पहले टीम को जीत दिला दी। इस मैच में रिषभ पंत का बिल्कुल अलग अंदाज नजर आया। तेज पारी खेलने के लिए मशहूर पंत ने इस मैच में सूझ–बूझ से बल्लेबाजी की और शानदार तरीके से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने स्वभाग के विपरीत खेलते हुए अपना अर्धशतक 71 गेंदों पर पूरा किया था और जब वह टीम को अच्छी स्थिति में ले गए तो उन्होंने 50 से 100 रनों का सफर केवल 35 गेंदों पर पूरा किया था।

### आखिरी बार वनडे क्रिकेट में उतरेंगे इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड टीम के टेस्ट कप्तान और आलराउंडर बेन स्टोक्स मंगलवार को आखिरी बार वनडे क्रिकेट में उतरें। उनका यह आखिरी मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ होगा जो उनके होम टाउन डरहम में खेला जाएगा। सोमवार शाम उन्होंने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर पूरे क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी साझा की थी कि अब वह क्रिकेट के तीनों फार्मेट को साथ लेकर चलने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। बेन स्टोक्स 2019 में जब इंग्लैंड टीम वर्ल्ड चौंपियन बने थे तो उस मैच में वह श्लेयर आफ द मैचश बने थे। उन्होंने उस मैच में 82 रनों की नाबाद पारी खेली थी।